ज्योतिर्मय जीवन



*आँखों की नमी को खुशी के आँसू बताना,*
*कहना सब कुछ ठीक है फिर थोड़ा मुस्कराना,*

*भले दिल में हो दर्द पर हमदर्द बन जाना,*
*देखा, कितना आसान है किसी भी गम को छुपाना*

# तारांशु


मासिक

अप्रैल, 2013

वर्ष 1, अंक 9, पृ.सं. 20 संपादक :- कल्पना गोयल


आशीर्वाद –
डॉ. कैलाश 'मानव'
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान ( ट्रस्ट ), उदयपुर

मुख्य संरक्षक तारा संस्थान –
श्री एन.पी. भार्गव
उद्योगपति एवं समाज सेवी, दिल्ली


मूल्य - 5 रुपये

# तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा दिल्ली एवं निकटवर्ती शहरों में नि:शुल्क मोतियाबिन्द जाँच एवं ऑपरेशन हेतु प्रस्तावित चयन शिविर

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | शिविर का विवरण | शिविर का प्रस्तावित स्थान |
|---|---|---|---|
| 03.04.2013 | राठौड़ एवं कम्पनी, दिल्ली | राठौड़ एवं कम्पनी, हितैष फूड प्रोसेसिंग मेगेनीज, नांगलोई, दिल्ली | तारा नेत्रालय, दिल्ली |
| 05.04.2013 | श्री मूल चन्द जी अग्रवाल | मूल चन्द जी अग्रवाल , बी.डी. 63, पीतमपुरा, दिल्ली | पीतमपुरा, दिल्ली |
| 06.04.2013 | श्री ओम प्रकाश जी गुप्ता | ओकाया फाउण्डेशन, नई दिल्ली | पीरागढ़ी चौक, नई दिल्ली |
| 07.04.2013 | डी.बी. जैन सा., दिल्ली | डी.बी. जैन सा., सीएमडी एन्जल ग्रुप, दिल्ली | बागपथ ( यू.पी. ) |
| 07.04.2013 | श्री एच.जी. सिन्दवानी, दिल्ली | पेक्सल टेक्नोलोजी ( प्रा.लि. ), श्री एच.जी. सिन्दवानी, दिल्ली | विकास नगर, दिल्ली |
| 10.04.2013 | दुर्गा महिला सत्संग, दिल्ली | दुर्गा महिला सत्संग, नारायण विहार, नई दिल्ली - 28 | तारा नेत्रालय, दिल्ली |
| 13.04.2013 | गोयल परिवार, दिल्ली | स्व. श्री बख्तावर मल गोयल - स्व. श्रीमती सोनिया गोयल | शाहदरा, दिल्ली - 95 |
| 14.04.2013 | श्री ओम प्रकाश जी गुप्ता | ओकाया फाउण्डेशन, नई दिल्ली | हांसी, हरियाणा |
| 16.04.2013 | श्री रमेश जी सचदेवा सा., दिल्ली | धर्मपत्नी श्रीमती शमा जी सचदेवा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में। | दिल्ली |
| 19.04.2013 | श्री सत्यभूषण जी जैन, दिल्ली | श्रीमती सुषमा जैन धर्मपत्नी श्री सत्यभूषण जी जैन सा. राम नारायण कृष्णादेवी जैन फाउण्डेशन ( रजि. ) दिल्ली | भागीरथी विहार, दिल्ली |
| 20.04.2013 | श्री सीताराम जी किनरा, दिल्ली | श्री सीताराम जी किनरा C/o नीलम किनरा, दिल्ली | तारा नेत्रालय, दिल्ली |
| 21.04.2013 | श्री ओम प्रकाश जी गुप्ता | ओकाया फाउण्डेशन, नई दिल्ली | दिल्ली |
| 24.04.2013 | अशोक कुमार जी ( मूलेचाचा ) | अशोक कुमार जी ( मूलेचाचा ), हापुड़ ( यु.पी. ) | हापुड़ ( यू.पी. ) |

नेत्र शिविर सौजन्य राशि :-
11000/- रु. दिल्ली या उदयपुर के तारा नेत्रालय में शिविर।
21000/- रु. उदयपुर के पास आदिवासी क्षेत्र में शिविर।
31000/- रु. नयी व पुरानी दिल्ली क्षेत्र में शिविर
51000/- रु. दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में शिविर

भारत के किसी भी अन्य शहर में शिविर सौजन्य राशि – 1,00,000 रु. (इस राशि में 21 ऑपरेशन का सहयोग भी शामिल है)

**तारा नेत्रालय ( उदयपुर )**
डीडवाणिया ( रतनलाल ) नि:शक्तजन सेवा सदन
236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. +91 9549399993

**तारा नेत्रालय ( दिल्ली )**
WZ - 270, गाँव - नवादा, 720 - मैट्रो पिलर के सामने,
उत्तम नगर, दिल्ली - 59
मो. +91 9560626661, 011-25357026

तारांशु - वर्ष 1, अंक - 9, अप्रैल, 2013

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| आगामी शिविर | 2 |
| अनुक्रमणिका | 3 |
| मुस्कान | 4 |
| चिड़िया चोच में दाना.... | 5 |
| गौरी योजना | 6 |
| तृप्ति योजना | 7 |
| आन्नद वृद्धाश्रम | 8 |
| मोतियाबिन्द जाँच चयन शिविर | 9-13 |
| अभिनन्दन एवम् बधाई | 14 |
| Tara Contact | 15 |
| Our Donors | 16-18 |
| मुझे यकीन था.... | 19 |




डीडवाणिया (रतनलाल) निःशक्तजन सेवा सदन, सेक्टर – 6, हिरण मगरी, उदयपुर – 313002

तारांशु मासिक, अप्रैल, 2013
'तारांशु' - स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240-ए, हिरण मगरी, सेक्टर - 6, उदयपुर, राजस्थान से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच - III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन - II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर ( उत्तर प्रदेश ) में मुद्रित, सम्पादक - श्रीमती कल्पना गोयल

## सम्पादकीय

# मुस्कान.....

*मुस्कान की कोई कीमत नहीं होती, मगर यह बहुत कुछ रचती है*
*यह पाने वाले को खुशहाल करती है, देने वाले का कुछ घटता नहीं*
*यह क्षणिक होती है लेकिन यह यादों में सदा के लिए रह सकती है।*
*कोई इना अमीर नहीं कि इसके बगैर काम चला लें*
*और को इना गरीब नहीं कि इसके फायदों को न पा सकें।*
*यह घर में खुशहाली लाती है, व्यापार में ख्याति बढ़ाती है*
*और यह दोस्तों की पहचान है।*
*यह थके हुओं के लिए आराम है, निराश लोगों के लिए रोशनी,*
*उदास के लिए सुनहरी धूप, और हर मुश्किल के लिए*
*कुदरत की सबसे अच्छी दवा।*
*तब भी न तो यह भीख में, न खरीदने से*
*न उधार माँगने से, और न चुराने से मिलती है,*
*क्योंकि यह एक ऐसी चीज है जो जब तक किसी काम की नहीं,*
*जब तक आप इसे किसी को दे न दें।*
*दिनभर की भागदौड़ में कुछ परिचित हो सकते है*
*कि इतने थके हो कि मुस्करा न सकें।*
*तो उन्हें अपनी ही मुस्कान दीजिए।*
*किसी को मुस्कान की उतनी जरूरत नहीं होती, जितनी कि उसे,*
*जो खुद किसी को अपनी मुस्कान न दे सकें।*

*संकलित*



**कल्पना गोयल**
संस्थापक एवम् अध्यक्ष

# “चिड़िया चोंच में दाना भर भर लाई है”

कुछ महिने पहले तारा संस्थान का एक एपिसोड ''आस्था भजन'' चैनल पर देखकर एक फोन आया..... फोन करने वाले शख्स श्री अमित शर्मा थे जो कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के डबरा कस्बे से थे.....

अमित जी के दो स्कूल चलते है ''रास जे.बी. पब्लिक स्कूल''....... उन्होनें कहा कि वे एक कार्यक्रम करना चाहते हैं जिसमें छोटे-छोटे बच्चों के हाथों वे कुछ खाद्य सामग्री एकत्रित कराना चाहते थे, उन बुजुर्गों के लिए जिन्हें तारा द्वारा मदद मिल रही है।

अमित जी से बात के बाद उनके स्कूल में एक कार्यक्रम हुआ जिसका नाम उन्होंने दिया ''एक मुट्ठी दान''............ कार्यक्रम सफल रहा बहुत सी सामग्री नन्हे-मुन्हे घर से लाए और उस सामग्री जितनी राशी ही स्कूल प्रबंधन ने ''तारा' ' को दी।

इस बात में जो सुखद संयोग सामने आया वो यह था कि नारायण सेवा संस्थान की शुरूआत में जब कल्पना जी ने घर-घर से एक-एक मुट्ठी आटा इकट्ठा किया तो परम आदरणीय बाबूजी डॉ. कैलाश मानव जी ने हमेशा कहा कि नारायण सेवा की शुरूआत एक मुट्ठी आटे से हुई और तारा के लिए भी ''एक मुट्ठी दान'' छोटे-छोटे बच्चों ने इकट्ठा किया।

ऐसा ही एक कार्यक्रम हिसार में दिनांक 01 व 02 मार्च को आयोजित किया गया जिसमें 6 स्कूलों के 7000 बच्चों ने उन लोगों के लिए कुछ लाया जिन्हें वे जानते तक नहीं और जिन्हें उनके अपनों ने बेसहारा छोड़ दिया...... वो भी उम्र के उस पड़ाव पर जहाँ सिर्फ एक लाठी के सहारे जीवन बिताना असम्भव था......

हिसार में तारा के इस प्रकल्प को अंजाम तक पहुँचाया श्री के. सी. गुप्ता सा. ने जिन्होंने अलग-अलग विद्यालयों को ''एक मुट्ठी दान'' योजना में जोड़ा। तारा संस्थान की तरफ से हमारे शाखाध्यक्ष श्री विजय आनन्द गुप्ता जी इस कार्यक्रम का संचालन करने गए थें, उनसे जब फोन पर बात हुई तो उन्होंने गदगद होते हुए कहा कि ''चिड़िया चोंच में दाना भर-भर लाई है'' सच में नन्हें मुन्हें हाथों में अनाज की छोटी-छोटी पोटलियाँ देखने पर किसी के मुँह से कुछ ऐसे ही उद्‌गार निकलते।

तारा संस्थान प्रयास करती है इसी प्रकार से बूंद-बूंद कर घड़ा भरने को जिससे कि कम से कम कुछ लोगों की प्यास तो बुझे और जब इन बूंदों को इकट्ठा करने में नन्हें कोमल हाथों का पसीना भी शामिल हो तो हृदय का भरना और आंखों का नम होना स्वाभाविक है......

सभी स्कूलों के मैनेजमैंट, अध्यापकगण व बच्चों को आभार......





## तारा संस्थान के “एक मुट्ठी दान” योजना में हिसार के निम्न स्कूलों का सहयोग रहा।

- Holy Child Sr. Sec. School, Hissar
- Lord Shiva Convent School, Hissar
- Morning Stars Sr. Sec. School, Hissar
- Cosmos Public School, Hissar
- Vivekanand Sr. Sec. School, Hissar
- Jagarati Public School, Hissar

– दीपेश मित्तल

# गौरी सेवा योजना - इन्हें आपका सहयोग चाहिए

तारा संस्थान द्वारा प्रारम्भ की गई गौरी योजना के अन्तर्गत सहायता हेतु देश के विभिन्न हिस्सों से असहाय विधवा-महिलाओं से आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। तारा संस्थान के पास इन महिलाओं को सहायता के लिए अपना कोई फण्ड नहीं है। दानदाताओं से जो राशि प्राप्त होती है, वह असहाय विधवा महिलाओं को 1000 रुपया प्रति माह की दर से सीधे उनके खातों में पहुँचा दी जाती है। दानदाताओं से विनम्र निवेदन है कि इन महिलाओं को सम्बल प्रदान करने के लिए उदारता पूर्वक दान सहयोग करके तारा संस्थान के इस मानवीय सेवा प्रकल्प को सशक्त और व्यापक बनाने की कृपा करें और अपना योगदान प्रेषित करें।

जिन महिलाओं की सहायता के उद्देश्य से पहचान की गई और जिन्हें सहयोग की आवश्यकता है, उनमें से कुछ ये हैं-

42 वर्षीया श्रीमती आभा जैन, इन्दौर की निवासी हैं। इनके एक 11 वर्षीय पुत्र है। इनके पति का निधन 4 वर्ष पूर्व हो गया। ससुराल या पीहर भी इनकी सहायता करने में सक्षम नहीं है। ये सिलाई का कार्य करके अपना गुजर-बसर जैस-तैसे कर रही हैं। सास-श्वसुर का भी देहान्त हो चुका है और इनके पिता अंशकालीन कार्य करके अपने परिवार का गुजारा भी कठिनाई से कर रहे हैं। श्रीमती आभा जैन को आर्थिक सहायता की तत्काल आवश्यकता है, जिससे इनकी मुश्किलें कुछ कम हो सकें।



श्रीमती रेखा नन्दवाना के पति का निधन हाल ही में हुआ है। इनके 12 वर्ष का एक पुत्र और 8 वर्ष की 2 जुड़वा पुत्रियाँ, तीन सन्तानें हैं। अपने पीहर में ही रह कर अपना गुजारा चलाने का प्रयास कर रही हैं। ससुराल से इन्हें कोई आश्रय या सहयोग नहीं मिल रहा। अपनी बच्चियों और बेटे की शिक्षा और भरण-पोषण को लेकर ये बहुत चिन्तित हैं और गौरी योजना के अन्तर्गत सहायता पाना चाहती हैं। ये उदयपुर की निवासी हैं।

जागेश्वर ( अल्मोड़ा ) निवासी श्रीमती दीपा भट्ट दो बच्चों की माँ हैं। पति का निधन 2012 में हो गया। गाँव में होने के कारण कोई नियमित मजदूरी भी नहीं मिलती। बच्चों के लिए एक समय का भोजन जुटाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। कभी मजदूरी मिल जाती है, तो बच्चों के लिए खाने का प्रबन्ध हो जाता है। बच्चों के लिए कपड़े, पढ़ाई की स्थिति अत्यन्त शोचनीय है। कहीं से भी किसी तरह का सहारा नहीं है। दानदाताओं के सहयोग से दीपा भट्ट को कुछ सम्बल दिया जा सकता है। इनकी सहायता करना अनुपम मानवीय सेवा होगी।



छानी( खेरवाड़ा ) निवासी श्रीमती सुशीला देवी जैन को इनके पति ने विवाह के तीन-चार माह बाद ही छोड़ दिया। तब से ये लगभग 35 वर्षों से अपने पिता के गाँव में रह रही हैं। कमजोरी के कारण ये कोई मेहनत-मजदूरी भी नहीं कर पाती। इनके कोई संतान भी नहीं है। सर्वथा निर्धन और असहाय, इन्होंने गौरी योजना के अन्तर्गत सहायता के लिए आवेदन किया है। इन्हें मानवीय आधार पर सहयोग दिया जाना सर्वथा अपेक्षित है।

**मानवीय संवेदनाओं को आहत करने वाली असहाय विधवा महिलाओं की पीड़ाओं को कुछ कम करने के प्रयास के प्रति यदि आप भी इच्छुक हों तो, कृपया प्रति विधवा महिला 1000 रु. प्रतिमाह की दर से - 01 माह, 03 माह, 06 माह, 01 वर्ष या इससे भी अधिक अवधि के लिए अपना दान-सहयोग 'तारा संस्थान' को प्रेषित करने का अनुग्रह करें।**

# तृप्ति योजना के अभ्यर्थी

आपसे प्राप्त दान सहयोग के माध्यम से निर्धन बुजुर्गों की सहायता हेतु प्रारम्भ की गई तृप्ति योजना में 250 से ऊपर ऐसे निर्धन बुजुर्गों को खाद्य सामग्री सहायता पहुँचाई जा रही है, जिनका न तो कोई आश्रय है न ही कोई सम्बल स्त्रोत। तारा के पास ऐसे कई अभ्यर्थियों के आवेदन आये हैं, जिनकी निर्धनता के कारण और वृद्धावस्था के कारण हालत बहुत ही दयनीय हैं। इनके दो समय भरपेट भोजन का भी कोई ठिकाना नहीं। ऐसे कुछ निर्धन बुजुर्गों की जानकारी आपको दे रहे हैं जिन्हें तृप्ति योजना में दान सहयोग करके आप भूख की पीड़ा से कुछ राहत दे सकते हैं –



श्रीमती गोपी बाई नीमच माता कच्ची बस्ती, उदयपुर की निवासी हैं और इनकी आयु 62 वर्ष पूर्व इनके पति का दुर्घटना में निधन हो गया। तब से इनकी हालत बहुत खराब हो गई है। इनका एक बेटा घर छोड़कर कहीं चला गया और दूसरा बेटा इनके साथ प्रताड़ना और दुर्व्यवहार करता है। एक विकलांग पुत्री है, विवाहित है, फिर भी उसकी चिन्ता इन्हें लगी रहती है। गोपी बाई का गुजारा बड़ी कठिनाई से हो रहा है। इन्हें मदद देकर आप इनकी कठिनाइयों को कुछ सीमा तक कम कर सकते हैं, इन्हें भूख की पीड़ा से मुक्त कर सकते हैं।

70 वर्षीया श्रीमती कंकु बाई, उमरड़ा ( उदयपुर ) में रहती है। दो विवाहित पुत्रियाँ हैं, परन्तु एक पुत्री का पति व्यसनी और अराजक प्रवृत्ति का है अतः वह पुत्री भी अपनी बेटी के साथ इनके साथ ही रह रही है। एक झोपड़ी नुमा ढांचे में ये तीनों जैसे-तैसे अपना बसर कर रही हैं। इनके पास आजीविका का कोई साधन नहीं है। कंकु बाई अपनी पुत्री और दोहित्री के साथ मुश्किल भरा जीवन बिता रही हैं। इन्होंने तृप्ति योजना में सहायता हेतु - आवेदन किया है, इन्हें सहायता की तत्काल आवश्यकता है।

कमाली मीणा, आयु 60 वर्ष, नयागाँव खेरवाड़ा की निवासी हैं। ये आँखों से देख नहीं सकती। लकड़ी की सहायता से कोई अन्य व्यक्ति इनकी इधर-उधर आने जाने में सहायता करता है। इनके पति असक्त और अस्वस्थ हैं। वे भी कोई मजदूरी या काम करने में अक्षम हैं। इन्हें दो समय भर पेट भोजन भी नहीं मिल पाता। जीवन बसर के लिए इन्हें बहुत मुश्किल हो रही है। कमाली मीणा को तृप्ति योजना में सहायता मिल जाये तो इन्हें कम-से-कम भूख से तो राहत मिल सकती है।

'तृप्ति योजना' के अन्तर्गत प्रत्येक बुजुर्ग को निम्नानुसार मात्रा में 1500/- मूल्य की खाद्य-सामग्री सहायता प्रतिमाह वितरित की जा रही है।

आटा - 10 कि.ग्रा., चावल - 2 कि.ग्रा., दालें - 1.5 कि.ग्रा., खाद्य तेल - 1 कि.ग्रा., शक्कर - 1.5 कि.ग्रा.,
मसाले ( धनिया, मिर्च, हल्दी ) - 500 ग्रा., नमक - 1 कि.ग्रा., साबून - 2,
नकद राशि - रु. 300 ( शाक - सब्जी के लिए )। खाद्य - सहायता व्यय - रु.1500 प्रति व्यक्ति, प्रतिमाह

वर्तमान में तृप्ति योजना के अन्तर्गत 252 बुजुर्ग बन्धुओं को प्रतिमाह उपर्युक्त मात्रानुसार खाद्य सामग्री पहुँचाई जा रही है। आपके सहयोग सौजन्य से यह संख्या 500 करने का लक्ष्य है।

आपसे प्रार्थित खाद्य-सामग्री सहयोग-सौजन्य राशि
रु. 4500 ( 3 माह ), रु. 9000 ( 6 माह ), रु. 18000 ( एक वर्ष )

# आनन्द वृद्धाश्रम में स्वागत





श्री विवेकानन्द माधव खेर आयु 58 वर्ष, वीले पाल्ले, मुम्बई के निवासी हैं। शिक्षा से आप मैकेनिकल इंजीनियर रहे हैं। लगभग 20 वर्ष पूर्व इनके बड़े भाई ने धोखे से इनकी जमीन - जायदाद अपने नाम कर ली। आप उस समय वोल्टाज कम्पनी में कार्यरत थे। लगभग 10 वर्ष पूर्व इनका एक्सीडेण्ट हो गया और दोनों पैर नाकाम हो गये। चलने - फिरने में असमर्थ श्री खेर का कोई ठिकाना नहीं रहा। तंग हाली में फुटपाथ पर दु:ख का सामना करते हुए रहने को विवश हो गये। इन्होंने विवाह नहीं किया था। धीरे-धीरे इनकी हालत शोचनीय हो गई। एक दिन इनके परिचित मुम्बई निवासी श्री रमेश शाह से फुटपाथ पर ही इनकी मुलाकात हो गई। श्री शाह तारा संस्थान के बारे में जानते थे। इनकी असहाय अवस्था देख कर श्री शाह ने तारा संस्थान की संस्थापक श्रीमती कल्पना गोयल से फोन पर इनके हालात के बारे में बताया। श्रीमती गोयल ने इन्हें तारा संस्थान के 'आनन्द वृद्धाश्रम' में आश्रय हेतु भेजने का परामर्श दिया। तद्नुसार श्री विवेकानन्द को उदयपुर भेजने की व्यवस्था की गई और ये यहाँ आ गये।

जब ये आये तब पाँवों की कमजोरी के कारण चल-फिर नहीं सकते थे। तारा संस्थान में इनकी चिकित्सा के लिए इनकी पैरों की मालिश करने की व्यवस्था की गई और अब श्री विवेकानन्द खरे वॉकर की सहायता से थोड़ा-थोड़ा चलने में सक्षम हो रहे हैं। आनन्द वृद्धाश्रम में आश्रय पाकर श्री खेर यहाँ की व्यवस्थाओं से पूरी तरह सन्तुष्ट हैं और बीते दिनों की अपनी पीड़ाओं को भूलते हुए आराम से आनन्द वृद्धाश्रम में रह रहे हैं।

आप भी यदि किसी असहाय बुजुर्ग बन्धु के लिए 'आनन्द वृद्धाश्रम' में आवास की मानवीय सुविधा उपलब्ध करवाने की सेवा भावना रखते हैं, तो कृपया प्रति बुजुर्ग 5000 रु. प्रतिमाह की दर से अपना दान सहयोग 'तारा संस्थान' को प्रेषित करने की कृपा करें।

01 माह - 5000 रु., 03 माह - 15000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 वर्ष - 60000 रु.

# मोतियाबिन्द जाँच शिविर

तारा संस्थान द्वारा निर्धन वृद्ध बन्धुओं की आँखों में सामान्यत: पाये जाने वाले मोतियाबिन्द के निदान और ऑपरेशन हेतु चयन के लिए शिविर आयोजित किये जाते हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं की स्थिति अधिक ही पीड़ादायक है, क्योंकि प्रथम तो उन्हें मोतियाबिन्द-ऑपरेशन की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं है एवं द्वितीय, निर्धनता उनकी चिकित्सा में बड़ा अवरोधक है। तारा संस्थान ने ऐसे निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा नि:शुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। नि:शुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

## शिविर विवरण

'तारा संस्थान' द्वारा माह फरवरी - मार्च, 2013 की अवधि में आयोजित मोतियाबिन्द जाँच, चयन शिविर व ऑपरेशन का संक्षिप्त विवरण

| दिनांक | स्थान | सौजन्यकर्त्ता | कुल ओ.पी.डी. | ऑपरेशन |
|---|---|---|---|---|
| 11 फरवरी, 13 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) | मैसर्स योगेश वीविंग मिल्स, इच्छलकरणजी ( महा. ) | 113 | 09 |
| 13 फरवरी, 13 | राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, गाँव - आमली, तहसील - मावली, उदयपुर ( राज. ) | श्री महेन्द्र भाई पंचोली, लेसस्टर, यू.के. | 100 | 11 |
| 17 फरवरी, 13 | जैन कन्या विद्यालय ( जवाहर बाल मन्दिर ), कानोड़, तहसील - वल्लभनगर, उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती चन्द्रकला धर्मपत्नी श्री बाबूलाल जी शर्मा पुत्र-नेत्रपाल शर्मा, निवासी - इच्छकरणजी | 450 | 19 |
| 18 फरवरी, 13 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) | श्री बाबू राम जी बजाज, निवासी - इच्छकरणजी ( महा. ) | 110 | 25 |
| 19 फरवरी, 13 | तारा नेत्रालय, नवादा, 720 - मैट्रो पिलर के सामने, उत्तम नगर, दिल्ली - 59 | गोपाल कृष्ण बत्रा, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली - 65 | 49 | -- |
| 20 फरवरी, 13 | राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गाँव लालपुरा ( भीण्डर ), वल्लभनगर, उदयपुर ( राज. ) | माहेश्वरी ट्रेडिंग कॉरपोरेशन, इच्छलकरणजी ( महा. ) | 150 | 18 |
| 22 फरवरी, 13 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) | श्री बृज मोहन जी गट्टानी, निवासी - इच्छलकरणजी ( महा. ) | 95 | 07 |
| 24 फरवरी, 13 | पटवार मण्डल, गाँव-धमानिया, तहसील - वल्लभनगर, उदयपुर ( राज. ) | मैसर्स सर्वेश्वर इण्टरप्राइज, श्रीमती कमला देवी राठी, निवासी - इच्छलकरणजी ( महा. ) | 125 | 18 |
| 25 फरवरी, 13 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) | श्री हरिनारायण जी सारड़ा एवं श्रीमती कमला देवी सारड़ा, निवासी - इच्छलकरणजी ( महा. ) | 115 | 17 |
| 25 फरवरी, 13 | तारा नेत्रालय, नवादा, 720 - मैट्रो पिलर के सामने, उत्तम नगर, दिल्ली - 59 | श्रीमती प्रेमलता मेहरा, नर्बदा अपार्टमेन्ट, अलक नन्दा, नई दिल्ली | 65 | 07 |
| 25 फरवरी, 13 | राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, गाँव - ईडाणा, तहसील - सलुम्बर, उदयपुर ( राज. ) | श्री जगदीश वाघेला एवं समस्त वाघेला परिवार, लन्दन | 135 | 32 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 फरवरी, 13 | तारा नेत्रालय, नवादा, 720 - मैट्रो पिलर के सामने, उत्तम नगर, दिल्ली - 59 | शिव शंकर भगवान के श्री चरणों में समर्पित पीतमपुरा, दिल्ली | 82 | 05 |
| 27 फरवरी, 13 | ग्राम पंचायत भवन, गाँव - हिंता, पं.स. भीण्डर, तहसील - वल्लभनगर, उदयपुर ( राज. ) | श्री डेडराज जी चौधरी पुत्र श्री प्रमोद जी चौधरी, निवासी - इच्छलकरणजी ( महा. ) | 122 | 11 |
| 28 फरवरी, 13 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) | डॉ. नमिता जैन धर्मपत्नी डॉ. पी.सी. जैन एवं सुरभि जैन, लखनऊ | 145 | 21 |
| 28 फरवरी, 13 | तयाबिया उच्च प्राथमिक विद्यालय, भीण्डर, तहसील - वल्लभनगर, उदयपुर ( राज. ) | लढ्ढा चैरिटेबल ट्रस्ट, पाली ( राज. ) | 250 | 20 |
| 01 मार्च, 13 | पंचायत भवन, नान्दवेल, तहसील - मावली, उदयपुर ( राज. ) | श्री प्रीत सिंह जी यादव, निवासी - जिन्द ( हरियाणा ) | 120 | 15 |
| 03 मार्च, 13 | तुलसी अमृत छात्रावास, कानोड़, उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती सुमित्रा देवी लसोड, निवासी - डुंगला, जिला - चित्तौड़गढ़ ( राज. ) | 250 | 51 |
| 04 मार्च, 13 | मोरा देवरा गणगौर घाट, महाराज की खेड़ी, तहसील - वल्लभनगर, उदयपुर ( राज. ) | श्री अभिषेक कुमार जी पुत्र श्री हरिशंकर मिश्री, निवासी - सुल्तानपुर ( उ. प्र. ) | 199 | 16 |
| 04 मार्च, 13 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) | श्री पन्ना लाल नन्दराम, निवासी - मुम्बई | 114 | 08 |

दिल्ली व निकटवर्ती क्षेत्रों से चयनित मोतियाबिन्द रोगियों के ऑपरेशन 'तारा नेत्रालय' नवादा, उत्तम नगर, दिल्ली में व उदयपुर ( राजस्थान ) से चयनित रोगियों के ऑपरेशन 'तारा नेत्रालय' उदयपुर में करवाए जा रहे हैं।






## 'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

पारस

'पारस' चैनल पर प्रसारण
अपराह्ण 3.40 से 4.00 बजे,
रात्रि 9.20 से 9.40 बजे

आस्था भजन

'आस्था भजन' चैनल पर प्रसारण
प्रात: 8.40 से 9.00 बजे

MA T.V. (UK)

'एमएटीवी' चैनल पर प्रसारण
रात्रि 8.10 से 8.30 बजे

# विशेष प्रायोजित शिविर




शिविर में उपस्थित श्री राजेश गुप्ता ( CEO, ओकाया बेट्री, भामाशाह एवम् समाज सेवी ), श्री विष्णु सुरेका, श्री सत्यभूषण जैन ( संरक्षक, तारा संस्थान )

तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा 3 मार्च, 2013 को श्री गोलोकधाम औषधालय, बृजवासन, नई दिल्ली में मोतियाबिन्द जाँच एवम् ऑपरेशन हेतु चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 230 नेत्र रोगियों की जाँच की गई, इनमें से 125 रोगियों को चश्मे वितरित किये गये तथा 12 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। चयनित रोगियों के तारा नेत्रालय-नवादा, दिल्ली में ऑपरेशन करवाये गये।



स्वर्गीय श्रीमती कृष्णा देवी जैन एवं स्व. राम नारायण जैन की पावन-स्मृति में श्रीमती सुषमा जैन धर्मपत्नी श्री सत्यभूषण जैन, माता श्री पीयूष जैन, श्री पंकज जैन ( ऋषभ पेपर, दिल्ली ) के सौजन्य से 11 मार्च, 2013 को विधायक निवास 21, नारायणा, नई दिल्ली में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण, मोतियाबिन्द जॉच - ऑपरेशन हेतु चयन शिविर का तारा संस्थान उदयपुर द्वारा आयोजन किया गया, जिनमें से 10 का मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया गया एवं 100 रोगियों को चश्में वितरित किये गये। शिविर के मुख्य अतिथि कंवरसिंह तंवर ( विधायक एवं सदस्य NDMC ) थे। शिविर का उद्‌घाटन श्रीमती दर्शनी देवी जैन ( देवकी माता ) पत्नी श्री लाला बीर सेन जैन ( कागजी ) ने किया। यह शिविर दिल्ली निवासी तारा संस्थान हितैषी श्री सत्यभूषण के विवाह की वर्षगाँठ पर आयोजित किया गया। शिविर में समाजरत्न श्री सत्यभूषण जैन, समाज सेवी सपना जैन-नेहा जैन, श्री आदित्य जैन काम्या जैन, तविसी जैन एवम् निर्वाण जैन का ( दिल्ली ) सराहनीय योगदान रहा। चयनित रोगियों के तारा नेत्रालय-नवादा, दिल्ली में मोतियाबिन्द ऑपरेशन करवाये गये। यह उल्लेखनीय है कि तारा संस्थान द्वारा आयोजित सभी शिविर और मोतियाबिन्द ऑपरेशन, दवाई, लेन्स, भोजन आदि सहित सर्वथा नि:शुल्क सम्पन्न करवाये जाते हैं।




न्यूजन सेवा दल बी.के. हॉस्पीटल एवं श्री नवलकिशोर गुप्ता फरीदाबाद की प्रेरणा से सिद्धपीठ श्री हनुमान मन्दिर, फरीदाबाद में 13 मार्च, 2013 को मोतियाबिन्द जाँच शिविर में 301 नेत्र रोगियों की जाँच की गई और 9 रोगियों का मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। 100 रोगियों को चश्मे भी वितरित किये गये। शिविर के प्रमुख सहयोगी श्री हेमन्त भारद्वाज, श्री कमल बजाज ( एडवोकेट ), श्री जगदीश ओझा, श्री राजेश, श्री आर.एस.गुप्ता, मै.सूर्या स्पिरिंग एवम् कालरा इस्पात प्रा.लि. थे। चयनित रोगियों के तारा नेत्रालय, दिल्ली में ऑपरेशन करवाये गये।



दिनांक 17 मार्च, 2013 को मातृ एवम् शिशु कल्याण केन्द्र, शिवदास पुरा, जयपुर में श्री सुभाष आर्य एवम् श्री योगीराज निवासी, जयपुर के सौजन्य से तारा संस्थान द्वारा मोतियाबिन्द जाँच एवम् ऑपरेशन हेतु चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 180 रोगियों की जाँच की गई एवम् 22 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर में श्री विमल मोदी, श्री भगवान सहाय शर्मा, श्री सुशील जैन, श्री रामनिवास बैरवा, अनिता बैरवा, श्री ईकारामुदीन खान ने सहयोग दिया। चयनित रोगियों के ऑपरेशन महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल, सीतापुरा, जयपुर में करवाये गये।




पदमा केबल इण्डस्ट्रीज ( प्रो. विजय कुमार शर्मा ), निवासी दिल्ली के सौजन्य से स्व. पिता श्री भईयाराम शर्मा, स्व.माता श्रीमती धर्मो देवी एवं स्व. चाचा श्री परसराम शर्मा की पावन स्मृति में तारा संस्थान द्वारा 17 मार्च, 1013 को शिव मन्दिर, सिरसपुर, दिल्ली में मोतियाबिन्द जॉच एवं ऑपरेशन हेतु चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 नेत्र रोगियों की जॉच की गई और 8 रोगियों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। चयनित रोगियों के तारा नेत्रालय,नवादा दिल्ली में ऑपरेशन करवाये गये। शिविर के स्थानीय सहयोगी श्री सतपाल जिन्दल, श्री सत्यनारायण शर्मा, श्री देवदत शर्मा, श्री जय कुमार शर्मा एवं भाई श्री विजेन्द्र राणा प्रमुख थे।




दिनांक : 15 मार्च, 2013
स्थान : अग्रवाल धर्मशाला, WZ - 5, मैन नजफगढ़, मैट्रो पिलर नं. 682 के सामने, उत्तम नगर, दिल्ली - 59

सौजन्यकर्त्ता :
राधा - कृष्ण ( प्रेम नाथ रामपाल, निवासी - दिल्ली )
सहयोग :
अग्रवाल सभा ट्रस्ट ( पंजीकृत ), उत्तम नगर, दिल्ली - 59

कुल ओ.पी.डी. - 150
ऑपरेशन के लिए चयनित - 10

दिनांक : 17 मार्च, 2013
स्थान : प्रजापती धर्मशाला, स्कूल रोड़, नियर सैनी धर्मशाला, रामपुरा गाँव, दिल्ली

सौजन्यकर्त्ता :
राजस्थान क्लब
( देश की प्रमुख सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था )

कुल ओ.पी.डी. - 250
ऑपरेशन के लिए चयनित - 05, चश्मे - 128







दिनांक : 19 मार्च, 2013
स्थान : सम्पूर्णा ( एन.जी.ओ. ) महाराणा प्रताप कम्युनिटी सेन्टर, सेक्टर - 9, रजापुर रोहिणी, एन.के. बगरोदिया स्कूल के सामने,दिल्ली

आयोजक :
डॉ. विजय आनन्द गुप्ता,
आजीवन संरक्षक, तारा संस्थान


कुल ओ.पी.डी. - 150
ऑपरेशन के लिए चयनित - 10

# बिहार के राज्यपाल का सम्मान



तारा संस्थान के हितैषी एवं सहयोगी श्री सत्यभूषण जैन ( दिल्ली ) ने बिहार के राज्यपाल श्री डी.वाई. पाटिल का दिल्ली में तारा संस्थान की ओर से अभिनन्दन किया और राज्यपाल महोदय को स्मृति - चिह्न भेंट किया। चित्र में, दाएँ से - श्री सत्यभूषण जैन, राज्यपाल महोदय श्री डी.वाई. पाटिल एवं समाज सेवी श्री सुरेश चन्द्र जैन, दिल्ली।

# हार्दिक बधाई



अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, नई दिल्ली ने तारा संस्थान के हितैषी दिल्ली निवासी उद्योगपति श्री सत्यभूषण जैन को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र गुप्ता ने श्री सत्यभूषण जैन को कर्मठ, निष्ठावान एवं समर्पित साथी के रूप में निरूपित करते हुए अपने मनोनयन पत्र में आशा व्यक्त की है कि श्री जैन के सहयोग एवं समर्थन से अग्रवाल सम्मेलन को संगठित करने में सहयोग मिलेगा।

तारा संस्थान परिवार श्री सत्यभूषण जैन को हार्दिक बधाई देता है।

# तारा नेत्रालय अब मुम्बई में भी

'तारा संस्थान' द्वारा विगत दो वर्षों की अवधि में उदयपुर एवम् दिल्ली में स्थापित तथा सफलता पूर्वक संचालित तारा नेत्रालयों में निर्धन मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों के नि:शुल्क ऑपरेशन और नेत्र रोगियों का बड़ी संख्या में नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु आगमन से सन्तुष्ट और उत्साहित होकर तारा संस्थान ने अब मुम्बई में भी एक 'तारा नेत्रालय' की स्थापना का संकल्प लिया है। मुम्बई में प्रस्तावित 'तारा नेत्रालय' के अक्टूबर, 2013 में दशहरा के अवसर पर शुभारंभ की योजना है।

मुम्बई व निकटवर्ती क्षेत्रों में निवास कर रहे मोतियाबिन्द ग्रस्त रोगियों के नेत्रों की जाँच व मोतियाबिन्द ऑपरेशन सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से स्थापित किये जा रहे 'तारा नेत्रालय' मुम्बई में रोगियों के नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन होंगे। ऑपरेशन के साथ ही जाँच, दवाइयाँ लैंस आदि सभी सुविधाएँ नि:शुल्क उपलब्ध रहेंगी।

इस नेत्रालय की स्थापना में रुचि और सहयोग के इच्छुक दानवीर भामाशाह योगदान के लिए सादर आमन्त्रित हैं, कृपया सम्पर्क करें। मोबाइल नं. 09799252661, तारा संस्थान, उदयपुर।

# FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regeslation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries)

## 'Tara' Contact Details - Office

**Mumbai Ashram**
Mahendra & Mahendra Implies Co. H. Society
Park View Builing, B - 26 IInd Floor,
Kulupawadi, Boriwali (E) Mumbai 400066
Shri Amit Vyas Cell : 07666680094
Shri Madhusudan Sharma Cell : 09870088688

**Gurgaon Ashram**
B-30, Old DLF Colony,
Sector - 14,
Gurgaon (Haryana)
Shri Kamlesh Joshi
Cell : 08285240611

**Surat Ashram**
295, Chandralok Society,
Parwat Gaon, Surat (Guj.)
Shri Prakash Acharya
Cell : 08866219767 (Guj.)
09829906319 (Raj.)

## 'Tara' Centre - Incharge

Shri S.N. Sharma
Mumbai (M.S.)
Cell : 09869686830

Shri Prem Kumar Mata
Banswara (Raj.)
Cell : 09414101236

Shri Prahlad Rai Singhaniya
Hyderabad (A.P.)
Cell : 09849019051

Prabha Ji Jhanwar
Amrawati
Cell : 09823066500

Shri Pawan Sureka Ji
Madhubani (Bihar)
Cell : 09430085130

Shri Vishnu Sharan Saxena
Bhopal (M.P.)
Cell : 09425050136, 08821825087

Shri Naval Kishor Ji Gupta
Faridabad (HR.)
Cell : 09873722657

Shri Anil Vishvnath Godbole
Ujjain (MP)
Cell : 09424506021

Shri Kulbhushan Parashar
Birmingham (England)
Cell : (0044) 121 5320846, (0044) 7815430077

Shri Satyanarayan Agrawal
Kolkata
Cell : 09339101002

Shri Sethmal Modi
Dumka (Jharkhand)
Cell : 09308582741

Shri Vikas Chaurasia
Jaipur (Raj.)
Cell : 09983560006
09414473392

## Area Specific Tara Sadhak

**Shri Kamal Didawania**
Area Chandigarh, Haryana
Cell : 08950765483 (HR)
09001864783

**Shri Bhanwar Devanda**
Area Noida, Ghaziabad
Cell : 09660153806
09649999540

**Shri Amit Sharma**
Area Delhi
Cell : 09999071302,
09971332943

**Shri Sanjay Chaubisa**
Area Delhi
Cell : 09602506303



# NAME AND PLACE OF THE DONORS, WE ARE GRATEFUL TO THEM

Donors are requested kindly to send their photographs alongwith Donation for publishing in TARANSHU


Mr. Champa Lal Ji & Mrs. Phooli Devi
Sangli (MH)


Mr. Krishn Jain & Mrs. Sushma Jain
with Family, Narvana, Zind


Mr. Kailash Chandra & Mrs. Munni Devi Jain
Jaipur (Raj.)


Mr. Vinay Jain & Mrs. Savitri Jain
Zind


Mr. Afzal & Mrs. Saira
Kanpur, UP


Mr. Sohan Lal Ji & Mrs. Chandra Kunwar
Indore


Dr. Prem Kumar & Dr. Kanchan Ahuja
Lucknow


Mr. B.S. Mittal & Sulochan Mittal


Mr. K.K. & Kusum Bharadwaj
Bhopal


Mr. Jagdish Chandra Sharma & Mrs. Shiv Kumari
Hissar (HR)


Mr. Mukesh & Mrs. Sunita Maheshwari
Indore


Mr. Shirish Dubey & Mrs. Roly Dubey
Lucknow


Mr. Anil Godbole & Mrs. Anita Godbole
Ujjain


Mr. Pramod Kumar & Mrs. Krishna Agrawal
Lucknow (UP)


Mr. Devendra & Nirmala Jaganda
Narvana, Zind


Mr. Vaid Prakash & Mrs. Punam Bansal
Agra


Mrs. Meera Devi
Ummedraj Ji Mansaji
Sangali


Mr. Hari Narayan Sarda
Kolhapura


Mr. Deep Chand Ji
Sangali


Mr. Amardas Vaishnav
Sirohi


Mrs. Geeta Devi
Sirohi (Raj.)


Mr. Kishore Ji Mundara
Ichchhakaranji (MH)


Mr. Kailash Chandra Dhut
Ichchhakaranji (MH)


Mr. Unmal Ji
Sirohi (Raj.)


Mr. Ram Asray Pandey
Lucknow


Mr. Manak Chandra
Ichchhalkaranji (MH)


Mr. P.C. Sharma
Bhopal (MP)


Mrs. Ajit Kumari Jain
Aubedullaganj, Bhopal


Mr. Ayodhya Prasad Ganeta
Kharsia


Mrs. Sushma
Jabalpur (M.P.)



Mr. Hari Vilash Madhav Prasad & Mrs. Gautami Devi Saiya, Andheri

Mr. R.C. & Mrs. Mamta Maheshwari Bhopal

Mr. Nathu Ram Ji Jain & Wife Hissar (HR)

Mr. Asharam Tavari & Mrs. Jadav Bai Tavari Dongargaon (C.G.)



Mr. Shivshankar & Mrs. Pavitra Vyas Ujjain (MP)

Mr. Maliram & Mrs. Bhagwani Devi Gupta Jaipur (Raj.)

Mr. Santosh Kumar & Mrs. Nirmala Gupta Agra

Lt. Mr. Prithvi Raj & Mrs. Prakash Wati Sharma Punjab



Lt. Mr. Ramanand Ji & Lt. Mrs. Kamla Devi Gattani Ichchhalkaranji (MH)

Mrs. Sudha Ji Pune

Mr. Shyam Ji Pune

Lt. Mr. Mokam Chandra Bafna

Mrs. Kamla Devi Sarda, Kolhapur

Mr. Dad Ram Ji Chaudhary Ichchhalkaranji (MH)



Mr. Jay Dayal Khatana Hissar (HR)

Mr. Rattan Lal Madam Faridabad

Mr. S.D. Agrawal Lucknow

Mr. Ganiray Ji Rajokari New Delhi

Mr. Jugal Kishore Agrawal Agra

Mr. Vinod Kumar Sarda

Mr. Subhash Chand Jain Delhi



Mr. Gaurav Ji Bhutani Hissar (HR)

Mr. Ram Narayan Ji Lucknow

Mr. Vijay Jain Hissar (HR)

Mr. Babu Lal Ji Sirohi

Miss Divya Sharma Bhopal (MP)

Mrs. Rekha Jain Delhi

Lt. Mr. Dinakar Rao Aapre Nagpur (MH)



First Death Anniversary Lt. Mr. Balwant Beer Ahuja, Delhi

Mr. Om Prakash Malu

Mr. Ashish Shah

Mrs. Basanti Devi Rajokari New Delhi

Mrs. Madhu Tank Pune (MH)

Mrs. Pramila Devi Agrawal Dhuliya (MH)

Mr. Jitendra Shanilal Jain Sangali (MH)



Mr. Mahaveer Bhansali Sangali

Hubali

Hubali

Mrs. Sarla Ji Saxena Bhopal (MH)

Mr. Narendra Ichchalkaranji (MH)

Mr. Meetha Lal Ji Sukand Ichchhalkaranji (MH)

Mr. K.B. Goel Lucknow

Supported by

इंडियनऑयल
IndianOil
समाज के लिए
विनम्र योगदान

# जन-जीवन को सहारा
# यही प्रयास हमारा

इंडियनऑयल – जीवन को ऊर्जामय बनाते हुए

We are thankful to the Management of Indian Oil Delhi,
for their generous cooperation in making "Donation-Gift" of a
PHECO machine to TARA NETRALAYA, Delhi
for facilitating Free Cataract Surgery.Always grateful -
Tara Sansthan, Udaipur




## TARA SANSTHAN's EYE - HOSPITAL AT DELHI

**Tara Netralaya,** WZ-270, Navada, Metro Pillar 720, Uttam Nagar, Delhi - 110059

## INCOME TAX EXEMPTION

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G (50%) and 35 AC (100%) of IT Act. 1961

### Tara Sansthan Bank Account

| | |
|---|---|
| ICICI Bank A/c No. 004501021965 | IFS Code : icic0000045 |
| SBI A/c No. 31840870750 | IFS Code : sbin0011406 |
| IDBI Bank A/c No. 1166104000009645 | IFS Code : IBKL0001166 |
| Axis Bank A/c No. 912010025408491 | IFS Code : utib0000097 |
| HDFC A/c No. 12731450000426 | IFS Code : hdfc0001273 |
| Canara Bank A/c No. 0169101056462 | IFS Code : cnrb0000169 |

**Pan Card No. Tara - AABTT8858J**

# मुझे यक़ीन था कि तुम ज़रूर आओगे....

बचपन के दो ऐसे दोस्त थे जो स्कूल, कॉलेज और यहाँ तक कि फौज में भी साथ ही भर्ती हुए। युद्ध छिड़ गया और दोनों एक ही यूनिट में थे, एक रात उन पर हमला हुआ, चारों तरफ़ गोलियाँ बरस रही थी। ऐसे में अंधेरे से एक आवाज आई, ''हरि, इधर आओ, मेरी मदद करो।'' हरि ने अपने बचपन के दोस्त प्रेम की आवाज फौरन पहचान ली। उसने अपने कैप्टन से पूछा, ''क्या मैं जा सकता हूँ?'' कैप्टन ने जवाब दिया, ''नहीं, मैं तुम्हें जाने की इजाज़त नहीं दे सकता, मेरे पास पहले से ही आदमी कम हैं, मैं अपने एक और आदमी को नहीं खोना चाहता। साथ ही प्रेम की आवाज़ से भी ऐसा लगता है कि वह बचेगा नहीं।'' हरि चुप रहा। फिर वही आवाज़ आई, ''हरि, आओ, मेरी मदद करो।'' हरि चुप बैठा रहा क्योंकि कैप्टन ने उसको जाने की इजाज़त नहीं दी थी। वही आवाज़ बार-बार आई। हरि अपने को और ज्यादा रोक नहीं सका और उसने कैप्टन से कहा, ''कैप्टन, वह मेरे बचपन का दोस्त है, मुझे उसकी मदद के लिए जात ही होगा।'' कैप्टन ने बेमन से उसे जाने की इजाज़त दे दी। हरि अंधेरे में रेंगता हुआ आगे बढ़ा और प्रेम को खींचकर अपने खड्डे में ले आया। उन लोगों ने पाया कि प्रेम तो मर चुका था। अब कैप्टन नाराज हो गया और हरि पर चिल्लाया, ''मैनें कहा था न कि वह नहीं बचेगा, वह मर गया है और तुम भी मारे जाते, मैं अपना एक और आदमी खो बैठता, तुमने वहाँ जाकर गलती की थी।'' हरि ने जवाब दिया, कैप्टन, मैंने जो किया, वह ठीक था। जब मैं प्रेम के पास पहुँचा तो वह जिंदा था, और उसके आखिरी शब्द थे ''हरि, मुझे यक़ीन था कि तुम ज़रूर आओगे।''

अच्छे रिश्ते बड़ी मुश्किल से बनते हैं और एक बार बन जाएँ, तो उन्हें निभाना चाहिए।

हमसे अकसर कहा जाता है, अपने सपनों को साकार करो। मगर हम अपने सपनों को दूसरों की कीमत पर असलियत का रूप नहीं दे सकते। ऐसा करने वालो के पास चरित्र नहीं होता। हमें अपने परिवार, दोस्तों और उन लोगों के लिए जिनकी हम परवाह करते हैं, जो हम निर्भर पर हैं, अपने निजी हितों का त्याग करना चाहिए।

- साभार उद्घृत

RNI. No. - RAJBIL/2011/42978, Postal Reg. No. - RJ/UD/29-102/2012-2014, Dates of Posting - 11th to 18th each month at Udaipur H.O.
'तारांशु' - स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240-ए, हिरण मगरी, सेक्टर - 6, उदयपुर, राजस्थान से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच - III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन - II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर ( उत्तर प्रदेश ) में मुद्रित, सम्पादक - श्रीमती कल्पना गोयल

## तारा संस्थान के नि:शुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग -सौजन्य राशि

**नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )**

01 ऑपरेशन - 3000 रु., 03 ऑपरेशन - 9000 रु., 06 ऑपरेशन - 18000 रु., 09 ऑपरेशन - 27000 रु., 17 ऑपरेशन - 51000 रु.
मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 21 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर ( राजस्थान में ) - 71000 रु.
मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 21 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर ( राजस्थान से बाहर ) - 100000 रु.
चश्मा जाँच - चश्मा वितरण - दवाई सहयोग राशि, प्रतिशिविर - 21000 रु.

| तृप्ति योजना सेवा ( प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता ) | गौरी योजना सेवा ( प्रति विधवा महिला सहायता ) | आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग ) |
|---|---|---|
| 01 माह - 1500 रु. | 01 माह - 1000 रु. | 01 माह - 5000 रु. |
| 06 माह - 9000 रु. | 06 माह - 6000 रु. | 06 माह - 30000 रु. |
| 01 वर्ष - 18000 रु. | 01 वर्ष - 12000 रु. | 01 वर्ष - 60000 रु. |

सहयोग राशि - आजीवन संरक्षक 21000 रु., आजीवन सदस्य 11000 रु. ( संचितनिधि में )

**आयकर में छूट :** तारा संस्थान को दिया गया दान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G ( 50% ) व 35AC ( 100% ) के अन्तर्गत आयकर में छूट योग्य मान्य है।

**निवेदन :** कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, **अथवा :** अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ICICI Bank A/c No. 004501021965 | IFS Code : icic0000045 | Axis Bank A/c No. 912010025408491 | IFS Code : utib0000097 |
| SBI A/c No. 31840870750 | IFS Code : sbin0011406 | HDFC A/c No. 12731450000426 | IFS Code : hdfc0001273 |
| IDBI Bank A/c No. 1166104000009645 | IFS Code : IBKL0001166 | Canara Bank A/c No. 0169101056462 | IFS Code : cnrb0000169 |

Pan Card No. Tara - AABTT8858J

### 'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

पारस
'पारस' चैनल पर प्रसारण
अपराह्ण 3.40 से 4.00 बजे,
रात्रि 9.20 से 9.40 बजे

आस्था भजन
'आस्था भजन'
चैनल पर प्रसारण
प्रात: 8.40 से 9.00 बजे

MA T.V. (UK)
'एमएटीवी' चैनल पर प्रसारण
रात्रि 8.10 से 8.30 बजे

बुक पोस्ट

Tara
ज्योतिर्मय जीवन
**तारा संस्थान**
डीडवाणिया ( रतनलाल ) नि:शक्तजन सेवा सदन
236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. +91 9549399993, +91 9649399993
Email : tarasociety@gmail.com,
tara_sansthan@rediffmail.com
Website : www.tarasociety.org